नेताजी की अस्थियां वापस लाना

681. **श्री फूल चन्द वर्मा :** क्या विदेशी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या जापान से नेताजी की अस्थियां भारत लाने के संबंध में बातचीत चल रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इन अस्थियों को कब तक भारत लाए जाने की संभावना है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : (क) और (ख) . 3 अगस्त, 1977 को लोक सभा में एक अन्य माननीय संसद सदस्य श्री समर गुहा ने एक 'अनियत दिन वाला' प्रस्ताव रखा जिसमें अन्य बातों के साथ साथ उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के लापता होने से संबद्ध सभी पहलुओं की जांच के लिए पहले गठित आयोग और समिति की रिपोर्टों पर भारत सरकार की स्वीकृति के प्रश्न को उठाया था। लोक सभा के पिछले सत्र में इस प्रस्ताव पर बहस अनिर्णीत रही।

चूंकि उक्त प्रस्ताव पर विचार अभी चल रहा है इसलिए इस विषय पर अभी कोई विचार-विमर्श करना असामयिक होगा।

Central Assistance for Building Hospital in Kota

682. SHRI CHATURBHUJ: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the Central Government propose to provide special assistance for building a hospital in Kota, Rajasthan; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV): (a) and (b). A proposal for the grant of assistance by the Central Government for the building of a hospital in Kota is under consideration.

तारघर का जूनागढ़ में स्थानांतरण

683. **श्री धर्म सिंह भाई पटेल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) गुजरात के जूनागढ़ नगर के मध्य में आजाद चौक में स्थित तारघर को हटा कर दूर स्थान पर किस तारीख को ले जाया गया और उसके क्या कारण हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस तारघर को आजाद चौक में पुराने स्थान पर वापस लाया जाएगा ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साई) :

(क) जूनागढ़ संयुक्त डाक-तार घर की शाखा 15-11-1976 को एक नई इमारत में स्थानान्तरित कर दी गई थी। यह स्थानान्तरण इसलिए आवश्यक हो गया था कि डाकघर की इमारत में जगह की कमी थी और काउन्टर के पास कोई खुली जगह उपलब्ध नहीं थी।

(ख) जी नहीं, तार शाखा को को पुरानी जगह पर वापस लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।